वेदों की खुशबू ओ३म् वेद सब के लिए

(धर्म मर्यादा फैलाकर लाभ दें संसार को)

VEDIC THOUGHTS

A Perfect Blend of Vedic Values And Modern Thinking

Monthly Magazine	Issue 102	Year 12	Volume 09	October 2021 Chandigarh	Page 24	मासिक पत्रिका Subscription Cost Annual - Rs. 150

श्री जगदीश लाल आहुजा आपका जीवन सबके लिए प्रेरणा है

40 वर्षो तक हर रोज चण्डीगढ़ पी जी आई के बाहर लंगर खिलाने वाले श्री जगदीश लाल आहुजा 85 वर्ष की आयु में कैंसर से हार गये। गरीबों के मसीहा कहलाने वाले लंगर बाबा का जीवन संर्घष की मिसाल है। उन्होने अपने इस सेवा के मिशन को चलाये रखने के लिये अपनी करोड़ो की जायदाद बेच दी और रूगण अवस्था में लगे रहे। ऐसा अनुठा उदाहरण मिलना मुश्किल है।

पेशावर में जन्में श्री जगदीश लाल आहुजा भारत के बंटवारे के समय 1947 में 4 रूपये लेकर पंजाब के मानसा शहर में आये थे। किशोरावस्था में जीवन यापन के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ा। कभी नमकीन की रेड़ी लगाते तो कभी फलों की। 1956 में चण्डीगड़ आये तो भाग्य बदला और केले के व्यापार में लाखों कमाया और कई मकान जायदाद भी खड़ी की। 1980 में उन्होने महसूस किया कि पी जी आई में ईलाज के लिये बाहर के स्थानों से आने वाले अधिकतर मरीजों की

Contact:
BHARTENDU SOOD
Editor, Publisher & Printer
231, Sec. 45-A, Chandigarh 160047
Tel. 0172-2662870 (M) 9217970381,
E-mail : bhartsood@yahoo.co.in

POSTAL REGN. NO. G/CHD/0154/2018-2021

आर्थिक हालत अच्छी नहीं होती। दवाईयों का खर्च सहन करने के लिये मरीजों के साथ आए संरक्षकों और परिवारजनां को कई बार भूखा सोना पड़ता है। ऐसे में उन्होने प्रण किया कि मैं पी जी आई में ईलाज के लिये आये व्यक्तियों और उनके परिजनों को भूखा नहीं सोने दूंगा और लंगर प्रारम्भ कर दिया । रोज कम से कम 1000 व्यक्तियों के दोनों समय के भोजन व नाश्ते चाय की व्यवस्था की जाने लगी। इस सारे खर्च को पूरा करने के लिये उन्होने अपने मकान जायदाद बेचने शुरू कर दिये परन्तु लंगर जारी रखा।

श्री जगदीश लाल आहुजा जी का कहना था कि उनको लंगर देने की प्रेरणा उनकी दादी माई गुलाबी से मिली थी जो गरीबों के लिये पेशावर में लंगर लगाया करती थी। वर्तमान में इस काम में उनकी पत्नी निर्मल भी उनका पूरा सहयोग करती थी। उनकी बेटी का कहना है किवह अपने पिता द्वारा चलाए जा रहे पुण्य काम को चालु रखेंगी।

भारत सरकार ने 2020 में उनको पदमश्री से सम्मानित किया था। वैदिक थोटस इस महान आत्मा को नमन करता है। हमारे शास्त्रों में धन की तीन गति बताई है। दान, भोग और नाश। यह ईश्वर की कृपा ही होती है यदि व्यक्ति का झुकाव दान की और हो।

जल जीवन का आधार है

ओम अमृतापस्तरणमसि स्वाह–वेद के इस मन्त्र का अर्थ है। हे परमेश्वर आप जगत के आधार हो। आपका यह जल हमारे लिये कल्याणकारी हो।

प्रसिद्ध कवि रहीम ने कहा है–बिन पानी सब सून। अर्थात जल के बिना कुछ भी नहीं। कहने का अर्थ है––जल जीवन है। यह सच्चाई है। परन्तु पानी तभी कल्याणकारी रहेगा यदि हम पानी के महत्व को समझ कर इसका प्रयोग ऐसे करें कि इस की निर्मालता व पवित्रता बनी रहे।

अगर हम अपना इतिहास देखें तो पायेंगे कि राज्य और शहर वहीं बसाये गये जहां नदियां थी या जल का स्त्रोत था। बड़ी सभ्यतायें वहीं पनपी जहां जल था। परन्तु दुख इस बात का है कि आज मनुष्य इस सच्चाई से आंखे मूंद रहा है। किसी को इस बात की चिन्ता नहीं कि जमीन के नीचे का जल तेजी से खत्म हो रहा है। जमीन का हृदय चीर कर पानी निचोड़ने वाले जमीन का दर्द समझने की कोशिश नहीं कर रहे।

पंजाब व हरियाणा के किसान हों या फिर बोतलबन्द पानी बेचने वाली कम्पनियां हां या सोफट डिंक बनाने वाली, सभी भूमीगत पानी का बेखुमार दाहन कर रही है। इसका दुष्परिणाम सामने है। पानी का स्तर नीचे जाता जा रहा है। जहां पानी 20 फुट पर मिल ताजा था , आज 60 फुट पर भी बहुत तलाशने से मिल रहा है।

परन्तु इस से भी अधिक चिन्ता का विषय है कि हमारे किसानों द्वारा बढ़ सढ़ कर कीटनाशकों करने से पानी विषक्त होता जा रहा है। परन्तु इस देश में किसान चाहे स्टवल जला कर वातावरण को दुषित करे या फिर कीटनाषकों द्वारा जल को, उन को कुछ भी कहने की हिम्मत किसी में नहीं क्योंकि वह तो वोट बैंक है।

अच्छा हो हम जागे और एक एक बून्द पानी की बचाने की सोंचे।

कोविड के बाद आर्य समाजों के उत्सव फिर प्रारम्भ हो चुके है।

यह अतीव प्रसन्नता की बात है कि कोविड के बाद आर्य समाजों के उत्सव फिर प्रारम्भ हो चुके है, और सभी आर्य समाजे फिर से कार्यशील हैं। अधिकारी वर्ग बहुत उत्साह से अपना अमूल्य समय देकर यह सभी करते हैं। हमारा भी कर्तव्य है कि इन अवसरों पर आर्य समाज में पहुंच कर सब का लाभ उठायें। फायदा ही फायदा है, नुकसान कुछ नहीं। हाल में ही सैक्टर –7, व सैक्टर 18 की आर्य समाजों ने बहुत अच्छें ढग से अपने वार्षिक उत्सव किए। सैक्टर–22 में पहले ही दो उत्सव किये और अब 25 दिसम्बर को स्वामी श्रद्धानंद शहीदी दिवस बहुत उत्साह के साथ मना रहे है।

पत्रिका के लिये शुल्क

सालाना शुल्क 150 रूपये है, शुल्क कैसे दें

1. आप 9217970381 या 0172–2662870 पर subscribe करने की सूचना दे दें। PIN CODE अवश्य दे
2. **आप चैक या कैश निम्न बैंक मे जमा करवा सकते हैं :–**
   Vedic thoughts, Central bank of India A/C No. 3112975979 **IFC Code - CBIN0280414**
   Bhartendu soood, IDBI Bank - 0272104000055550 **IFC Code - IBKL0000272**
   Bhartendu Sood, Punjab & Sindh Bank - 02421000021195, **IFC Code - PSIB0000242**
3. **आप मनीआर्डर या at par का Cheque द्वारा निम्न पते पर भेज सकते है। H. No. 231, Sector 45-A, Chandigarh 160047.**
4. दो साल से अधिक का शुल्क या किसी भी तरह का दान व अनुदान न भेजें। शुल्क तभी दें अगर पत्रिका अच्छी लाभप्रद व रूचिकर लगे।

यदि आप बैंक में जमा नहीं करवा सकते तो कृपया at par का चैक भेज दे।

या Google Pay No. 9217970381 या Paytm No. 9217970381

यह है हमारी सभ्यता और संस्कृति जिस पर हम इतना गर्व करते है। सच्चाई यह है कि गर्व करने वाला कुछ है ही नहीं। मेरी पहली रेले यात्र

भीमराव अम्बेदकर

हमारा परिवार मूल रूप से बाम्बें प्रेसेडेंसी के रत्नागिरी जिले में स्थित डापोली तालुके का निवासी है। इस्ट इडिया कम्पनी का राज शुरू होने के साथ ही मेरे पुरखे अपना वंशों से चला आ रहा धंधा छोड़ कम्पनी की फौज में भर्ती हो गये। मेरे पिता ने भी फोज में नोकरी कर ली। वह अफसर की रैंक तक पहुंचे और सूबेदार के पद से सेवा निवृत हुए। तब हम सतारा में रहते थे और पिता जी कोरेगांव में खजांसी की नौकरी में थे। मरी मां की मृत्यु हो चुकी थी। पिता मुझे, मेरे बड़े भाई और मेरी बड़ी बहन के दो बेटों को काकी के जिम्मे छोड़ कोरेगांव चले गए थे। एक बार उनीोने गर्मी की छुटिटयों में हमें कोरेगांव आने के लिए पत्र लिखा। इस को पढ़ कर हमस ब बच्चे बहुत प्रसन्न और उत्साहित थे क्योंकि हमें रेल गाड़ी से यात्रा का मौका मिल रहा था। हम ने रेल गााड़ी पहले नहीं देखी थी । हमारे सफर के लिये अंग्रेजी स्टायल के नए कुर्ते,रंग बिरंगी नक्कायेदार टोपी, नए जूते और रेशमी किनारी वाली धोती खरीदी गई। हमें कहा गया कि मसूर में उतरना जो कि कोरेंगांव का नजदीकी स्टेशन है। गााड़ी याम पांच बजे मसूर पहुंची। हम वहां हमें लेने के लिये अपने पिता या उनके चपरासी के आने की उमीद कर रहे थे परन्तु उन में कोईीा वहां पर नहीं था। हम चार बच्चों को वहां स्अेशन पर अकेले एक घंटे से इतजार करते देश, वहां का स्टेशन मास्टर हमारे पास आया। हमारे नये कपड़े ऐसा आभास करवा रहे थे कि हम किसी अच्छे ब्राहमण परिवार से है। वह हमारी परेशानी से दुखी था। परन्तु तभी वह पूछ बैठा कि हम कौन है, मैने कहा हम महार है।। यह सुनते ही स्टेशन मास्टर के आव भाव बदल गये और वह अपने कमते में चला गया।

करीब आधे घंटे बाद उसने आकर पूछा कि आप क्या चाहते है। मैने कहा कि हमें कोइ लेने तो आया नहीं अगर कोई बैलगाड़ी किराये पर मिल जाये जो हम कोरेगांव चले जायेंगे। बैलगाड़िया तो बहुत सी वहां खड़ी थी परन्तु इस बात को जाननें के बाद कि हम अछूत हैं कोई भी बैलगाड़ी वाला ले जाने के लिये तैयार नहीं था। हम दूना किराया देने को तैयार थे परन्तु पर पैसों का लालच भी काम नहीं आया। स्अेशन मास्टर ने पूछा कि क्या हम गाड़ी हांक सकेगें? हम राजी हो गये। एक गााड़ीवान इस के लिये तैयार हो गया। वह बैलगाड़ी के साथ पैदल चल रहा था। उसे दूना किराया मिल रहा था और वह अपवित्र होने से भी बच गया था। स्टेशन से कुछ दूरी पर एक नदी थी पर बिलकुल सूखी हुई। कहां कहां गढें में थोड़ा पानी था। गाढ़ीवान ने कहा कि हमें यहें खाना खा लेना चाहिये क्योंकि रास्ते में और कहीं पानी नहीं मिलेगा। हम अपना टिफिन बाक्स खोलकर खाने लगे। खकर हम पानी के गढ़े के पास पानी पीने गये। परन्तु उस पानी में से गाय बैल के गोबर और पैशाब की बदबू आ रही थी। पानी के बिना हम बापिस आ गये और आगे चल दिये। रात के दस बज गये थे और हमें बहुत प्यास लगी थी। गाढ़ीवान से जब पानी की बात की तो उसने कहा––सामने चुंगी है प रवह है हिन्दु, अगर उसे पता लग गया कि तुम महार हो तो पानी नहीं मिलेगा। खुद को मुसलमान बता कर तुम अपनी तकदीर आजमा सकते हो। उसके कहे अनुसार मैं चुंगी वाले के पास गया और बोला हम मुसलमान हैं, क्या हमें पानी मिल सकेगा। उसने रूखाई से कहा तुम्हारे लिये यहां पानी किसने रखा है।

Prosperity by way of wealth should translate in to prosperity in our conduct too

Bhartendu Sood

Vedas say earn and acquire as much wealth by honest means as you can but also upgrade yourself as a human being – that is, manurbhav be a man 'the one who can see self in other'.

It means cultivating pleasing manners. The least you can do is not to offend and hurt others with your behaviour. To become a better and responsible person with good civic sense, to embrace virtues like honesty, truthfulness, patience, consideration for fellow human beings and compassion karuna for those who are not as privileged as you are.

While it is expected that as one acquires material prosperity, his conduct, manners, behavior also gets more refined as material prosperity plugs many voids in human life but it is seen that material prosperity erodes character, values and behavior in some and this is something that we need to guard against.

For example, some of us are so proud of our children – who are not even eligible for a driving licence – when they drive cars in by-lanes at high speed. We don't mind telling lies for petty gains. Arrogance and ego grow along with growth in income. Patience in one is seen as a sign of weakness, you are called a “loser”. You are seen as an achiever, as one who gets things done if you can jump the queue as others wait patiently their turn. We don't mind using our wealth for creating shortcuts in our passage to success. The more we earn and the more things we acquire, the greedier we become.

Another distinguishing feature of our prosperity is – as we acquire wealth we start looking down on the less privileged. Suddenly we feel we're different – and so create a separation. We change our manner and demeanour according to who we address – a VIP or someone who is less known. Test of our behaviour is not how we treat VIPs or those who matter to us but how we treat the people who are less fortunate than us.

One's behaviour and conduct in society is not only about how we relate to each other but also in the way we treat public places and facilities. The Delhi Metro train service is a case in point. Within five years it has grown so much in popularity that it is almost always full of commuters. However, if it were not mandatory for Metro doors to remain closed, chances are that people would think nothing of hanging out, risking their lives and others'. Etiquette and pleasant manners need not be restricted to the home, office or among peers and friends – it needs to be evident in public places as well. Pushing and shoving each other to catch a train or bus does not behove those who otherwise project themselves as educated or evolved

people. Senior citizens and others who might be physically challenged need to be given preference in seating and so on. With material progress and technological advance, we need to also take care to nurture comparable upward evolution of our own selves.

SEE ALL COMMENTS

To come back to Vedantic culture and tradition, a truly evolved human being would be perceived as one who would be sensitive to the needs of others and not only his own. This is the reason perhaps why all Vedic rituals and prayers are directed not at the welfare of any one individual but are meant for the common benefit of all. Hence, the tradition promotes the concept that all life is one family – vasudaiva kutumbakam.

Good manners and a compassionate outlook are marks of one who is on the path of onward evolution, striving to reach higher planes of consciousness. Good ethical practices and mindful living are not the preserve of the renunciate – they are equally important for those who choose to live in the world and yet perhaps strive to rise above it.

पत्रिका में दिये गये विचार लेखकों के अपने हैं। सम्पादक जरूरी नहीं उन से सहमत हो । लेखकों के मोवाईल नम्बर दिये हैं, आवश्यक हो तो आप उन से सम्पर्क कर सकते हैं । न्यायिक प्रक्रिया के लिये चण्डीगढ़ ही मान्य है।

FOR THIS BOOK PLEASE CONTACT
9217970381
08850930138
9417044481



Editor, Publisher and Printer Bhartendu Sood. Printed at Amit Arts 36 MW, Industrial Area, Phase -1, Chandigarh. Phone No-0172-4614644 Place of Publication House No-231, Sector-45-A, Chandigarh-160047

पुस्तक

(English Book of short stories---Our Musings)



सम्पादक व उनकी पत्नी नीला सूद ने अपनी लिखी 70 छोटी कहानियों, जो कि अंग्रेजी समाचार पत्रों में समय समय पर प्रकाशित हुई हैं, का संग्रह एक पुस्तक में प्रकाशित किया है, जिसका नाम Our Musings है। इस पुस्तक की कीमत 150 रूपये है। जो भी इस पुस्तक को खरीदने का इच्छुक हो वह 100 रू भेजकर या हमारे बैंक ऐकाउंट में जमा करवा कर मंगवा सकता है। बैंक ऐकाउंट वही हैं जो कि वैदिक थोटस पत्रिका में दिये है। भेजने का खर्चा हमारा होगा।

कृपया निम्न बातों का ख्याल रखें,

पुस्तक ईगलिश भाषा में है।

पुस्तक केवल धार्मिक न हो कर जीवन के विभिन्न पहलुओं को छूती है

नीला सूद, भारतेन्दु सूद 9217970381

पत्रिका में दिये गये विचारो के लिए लेखक स्वयं जिम्मेवार है। लेखको के टेलीफोन न. दिए गए है न्यायिक मामलो के लिए चण्डीगढ़ के न्यायलय मानय है।

मात्र मूर्तिपूजा पर्याप्त नहीं

प्रीति चौधारी 'मनोरमा'

आज के युग में प्रायः यह देखा जा रहा है, किपढ़े–लिखे परिवारों में भी धार्मिक कर्मकांडों जैसे–मूर्ति पूजा, व्रत, साधना, जागरण आदि पर विशेषबल दिया जा रहा है। चाहे व्यक्ति के अंतर्मन मेंकितनी भी मलिनता हो किंतु वह मनके की मालाहाथ में थामकर स्वयं को संत की भाँति प्रदर्शितकरना चाहता है। धर्म अंतःकरण का विषय है, यहआस्था की पराकाष्ठा है, जहाँ हम कण–कण मेंईश्वर के दर्शन कर लेते हैं ।

जब कण–कण में भगवान हैं, तो फिर इंसानोंमें हम भगवान को क्यों नहीं देखते हैं? क्यों हम झूठीवर्जनाओं से बाहर निकलना नहीं चाहते? कब तकइसी तरह धर्मांधता के कारण सच्चे धर्म से मुखमोड़ते रहेंगे? और अंधविश्वास की बेड़ियों में जकड़ेरहेंगे?

धर्म कभी भी दूध को गंगा में विसर्जित करनेके लिए नहीं कहता है।अक्सर सुनने में आया है कि संभ्रांत परिवार केव्यक्ति विशेष ने एक केन भरकर दूध जल में प्रवाहितकिया है, मंदिर में अर्पित किया। यह सब मात्रपाखण्ड है। यदि हम ध्यानपूर्वक सोंचें तो वह दूधकिसी की क्षुधा को शांत करने का जरिया बनसकता था।

प्रायः लोग मंदिर और दरगाह में चादरचढ़ाकर पुण्य प्राप्त करना चाहते हैं। ईश्वर कोचादर की आवश्यकता नहीं है, किंतु हमारे आसपासबहुत से ऐसे दरिद्र व्यक्ति हैं, जिनके पास सर्दी सेबचाव के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं हैं। हमें दान ऐसीजगह करना चाहिए जहाँ उसकी आवश्यकता हो।ईश्वर को कपड़ों की कतई जरूरत नहीं है, हमेंकपड़े जरूरतमंदों के लिए देने चाहिए, ताकि सर्दीकी ठिठुरन से उन्हें निजात मिल सके। संवेदना कीगर्मी उनके तन को भी प्राप्त हो सके।

मंदिर में बैठकर प्रवचन सुन लेने मात्र से हीमें पुण्य प्राप्त नहीं होगा, अपितु हमें आत्मा कीआवाज को सुनकर दीन

दुखियों के कष्टों को हरनाहोगा। दरिद्रता के दंश से पीड़ित गरीबों के विषय मेंविचार करना होगा।

अंत में चंद पंक्तियाँ पूजा जैसे गहन शब्द काअर्थ बताने के लिए कहना चाहूँगी–

दीन हीन की सेवा करना ही पूजा कहलाता है
वो महान होता है, जो गिरे हुए को उठाता है।
प्रतिदिन मंदिर जाने से ही पूजा नहीं होती है,
भगवान दखुी होते है जब भी अन्याय व शशेशन कहीं होती है
जो आसँू पोछें दुखियों के वह सच्चा भक्त कहाता है
वही तो मखुमडंल पर प्यारी सी मसुकान लाता है,
दीन हीन की सेवा करना ही पूजा कहलाता है
भगवान नहीं बसते मंदिर, मस्जिद गुरुद्वारे में
भगवान तो रहते हैं पावन कर्मों के गृह द्वारे में,
सच्ची भक्ति है उसकी जो गिरे हए को उठाता है
मानव के प्रति मानवता का प्रतिदिन धर्म निभाता है
दीन हीन की सेवा करना ही पूजा कहलाता है

कृतज्ञता की शक्ति

नीला सूद

हम सभी जानतें हैं कि कृतज्ञता शब्द का सीधा अर्थ है उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते रहना जिनसे हमें जीवन में कुछ भी प्राप्त होता है। वैसे तो हर ऐक के जीवन में कुछ ऐसे व्यक्ति होते हैं जो कि उसके जीवन को प्रभावित करते हैं, अच्छा बनाते हैं व उंचा उठाते हैं व कई बार उसे कठिनाई कि परिस्थिति में बाहर निकालनें में सहायक होते हैं, उनके प्रति कृतज्ञ रहना हमारा धर्म है, परन्तु वेदों के अनुसार जिन तीन का हर मनुष्य को हर समय कृतज्ञ रहना चाहिये वे हैं––– सृष्टि का रचईता व सब का पालनहार ईश्वर, दूसरा, माता पिता जो कि हमे जन्म देकर पालन पोषण करते हैं व तीसरा, हमें जीवन का रास्ता दीखाने वाला गुरू। इन में सब से पहले ईश्वर के प्रति धन्यवादी व कृतज्ञ रहने के लिये कहा गया है। एक महान लेखक का कहना है कि जब हम सृष्टि के रचईता व सब का पालनहार ईश्वर के कृतज्ञ हो जाते हैं तो स्वभाविक तौर पर सब के कृतज्ञ हो जाते हैं क्योंकि बाकी सब कृपा के पात्र जैसे कि माता पिता, गुरू, मित्र, अच्छा जीवन साथी, अच्छी संतान इत्यादी भी प्रभु की असीम कृपा से मिलते हैं। अर्थात कृतज्ञता का अर्थ यह हुआ, '' प्रभु व उसकी असीम कृपा से प्राप्त वस्तुओं के प्रति सन्तोष व आभार।''

कृतज्ञता में अदभुत शक्ति है यही नहीं जो व्यक्ति कृतज्ञता की भावना से जीवन जीता है उसे हर समय अदभुत आनन्द की प्राप्ति होती है। जहां कृतज्ञता की क्रिया आनन्दमय है प्रक्रिया उस से भी कहीं अधिक आनन्दमय व सुख देने वाली है। जो व्यक्ति कृतज्ञता के आनन्द को एक बार भोग लेता है धन्यवाद करना उसकी आदत बन जाती है व जीवन शैली बन जाती है। वह वर्षा की बून्दे पड़ते देखे या फिर सूर्य को उदय होते देखे, एकदम नतमस्तक हो कर ईश्वर का धन्यवाद करता है। यही नहीं भीड़ वाले स्थान पर बैठने का स्थान मिल जाये तब भी वह ईश्वर का धन्यवाद करता है।

एक बहुत सफल व्यक्ति का कहना है कि जीवन में उसने जो भी प्राप्त किया वह कृतज्ञता को अपने जीवन की शैली बना कर किया। उसका यहां तक कहना है कि अगर आप सफल जीवन के रहस्य ढूंढ रहें हैं तो सब से पहले कृतज्ञता को अपने जीवन की शैली बना कर देखें। यही नहीं उसका मानना है कि अगर आप अपने पास माजूद चीजों के बारे में कृतज्ञ नहीं तो आपके पास ज्यादा चीजें आना असम्भव है। क्योंकि आप कृतघनता;जिसने हमारे साथ अच्छा किया हो उसका आभारी हतंजमनिस न होना द्ध की अवस्था में होते हैं तो जो आपके विचार व भावनायें होती हैं वे सभी

नाकारात्मक होते हैं जैसे कि असंतुष्टि, ईष्या आदि, इन भावनाओं के साथ और चीजें पाना असम्भव है।

दुनिया के महानतम वैज्ञानिक आईस्टीन की जब भी कोई प्रशंसा करता था तो वह बहुत विनम्र भाव से उन से पहले हुये वैज्ञानिकों का धन्यवाद करते जिनके किये हुये काम को आधार बना कर वह आगे बढ़ सके। यह है कृतज्ञता।

आप की कृतज्ञता की क्रिया जहां एक और दूसरे को सुख देती है वही आप को उस की नज़र में उंचा भी उठा देती हैं मुझे याद आती है 2004 में मै जब अपने पति के साथ पाकिस्तान यात्रा के दौरान लाहौर के अनारकली बाज़ार मे घूम रही थी तो वहां हमने म्दहसपी मे एक बोर्ड पर लिखा देखा श्धर्मा मार्केट।श धर्मा क्योकि संस्कृत हिन्दी शब्द है जानने की इच्छा हुई। वहां के दुकानदारों से प्रश्न किया कि मार्केट का नाम धर्मा क्यो है तो जो उन्होने बताया वह दिल को खुश करने वाला था उनमें से सब से बुजुर्ग ने बताया कि जहां यह मार्केट है वहां पहले धर्म चन्द सेठ की हवेली होती थी। सेठ बहुत धर्म कर्म वाले थे दान पुण्य करते थे सब से प्यार कारते थे। जब देश का बटवारा हुआ तो वह हिन्दुस्तान चले गये। हमने कुछ समय बाद उस हवेली को डंतामज मे बदल दिया। फिर प्रश्न उठा कि नाम क्या रखें। तो सभी ने कहा कि जिस सेठ की वजह से हमें यह दुकाने मिली नाम उसी के नाम पर होना चाहिये व उस मार्केट का नाम धर्मा मार्किट रख दिया,। इस उदाहरण में देखने वाली बात यह है कि उन लाहोर वालों के कृतज्ञता पूर्ण कार्य ने जहां हमें आपार सुख दिया वहीं उनके प्रति हमारे दिल में आदर की भावना भी भर दी। यह है कृतज्ञता की शक्ति।

कृतज्ञता की अनुभूती का सब से सुन्दर परिक्षा हम अपने घर में ही कर सकते हैं। अपने माता पिता को जब यह कहेगें कि हम ने जो भी पाया है वह आपकी कृपा व आर्शीवाद से पाया है तो जो उनके चेहरे पर खुशी होती है वह उन्हे दुंनिया की और कोई चीज नही दे सकती। यही नही आपके घर का महौल ही बहुत सुखद हो जाता है। इस के विपरीत जहां कृतध्नता;नदहतंजमनिसदमेद्ध का बनसजनतम बन जाता है वहां क्लेश ही क्लेश रहता है।

कुछ वर्ष पहलें कृतज्ञता का एक सुन्दर उदाहरण तब मिला जब आर्य स्कूल नवांशहर, पंजाब में 1920–30 में शिक्षा प्राप्त करने वाले पाकिस्तान के जस्टिस मोहम्द सिदकी के कृतज्ञ मुसलमान परिवार ने इस विद्यालय में एक नकपजवतपनउ बड़ा हाल बनाकर अपना इस आर्य स्कूल के प्रति अपना ऋण अदा किया। जस्टिस मोहम्द सिदकी के कृतज्ञता की भावना उनके इन शब्दों से जो कि उनके पुत्र जस्टिस खलिल उल रहमान ने ब्यान किये से झलकती है––––'' मेरे पिता जी को अपने इस विद्यालय की बहुत याद आती थी। हमसे कहते थे––अगर आर्य समाजी यह स्कूल न खोलते तो न तो मैं पढ़ पाता और न ही जज बनता'' इस सुन्दर कार्य का मूल्यांकन आप तभी कर सकते हैं जब खुद से यह प्रश्न करें कि क्या आप अगर जस्टिस मोहम्द सिदकी के स्थान पर होते तो ऐसा कर पाते?

यह घटना इस बात को भी सिद्ध करती है कि कृतज्ञता एक ऐसा मानवीय गुण है जिस का धर्म,स्थान से कोई सम्बन्ध नहीं । जब यह स्पष्ट है कि कृतज्ञता एक ऐसा मानवीय गुण है जिससे अदभुत आनन्द की प्राप्ति होती है, तो क्यों न इसे जीवन की शैली बनाया जाये।

Indian way of parenting has also its merits

Bhartendu Sood

In one of my jobs, the Company I was working for had Japanese collaboration and the collaborator's top man was the Company's Managing Director. As the CEO, I was spending a lot of time with him; therefore, we often talked about our families and respective family cultures. One day, during normal tete-a tete, I asked about his children. I was dumbstruck when he told me that his daughter was a receptionist in a hotel.

After a pause, when I asked if he did not involve her in his business. He laughed and said with his hands up, " Mr Sood, it is just not possible with Japanese children. They have their own lives. We withdraw as parents once they are out of school. What they do after that, what career they choose, whom they befriend or marry is their own life. For example my daughter entered into wedlock and then took divorce. On both occasions she never consulted me. To sum up, our philosophy is ---"Child needs parents as he is helpless. He needs the mother, the father, their protection; but when the child can stand on his own, the parents have to learn how to withdraw from the life of the child. I really wonder how the grown ups tolerate parenting in your country. In Japan, even if the parents try, they will be shown their place. Again, I really don't know how the parents want to continue with parenting even when their children stand up on their own as it is the source of constant anxiety and takes away the personal freedom of the ones who opt to continue with parenting. Again it can mean foregoing your hobbies, interests and plans. In my opinion, parenting after a child has

grown up is neither in the interest of the child nor in the interest of parents."

Left remunating, I found he was right in his observation about us. In India children grow out of childhood, but parents never grow out of their parenthood. Eversince a new trend has emerged with both wife and husband in jobs, grandparents find the field open to step into the role of parents of their grandchildren and this way they have another twenty years or so of parenting. But, as I have observed, there is a difference in the way biological parents do parenting and the way grandparents do parenting. While the former gives little freedom, the latter gives a lot of freedom which the child needs for his growth. Like biological parents, they rarely impose themselves upon the child and do not encroach upon his space. From the very beginning their effort is to help the child to be himself. Child swims unhindered in the river of passion and love as the grandparents have no expectations and they simply want to give and give everything. They are to support, strengthen, nourish but not to impose their ideas. Again, today when most of the grandparents, particularly in our

middle class, have more money than they can spend, they need someone with whom they can share this excess money. Naturally they find their grandchildren to be the most worthy of a lot.
But the question is -------which culture is right? I feel that both have their merits and demerits. To be with your kin in the old age when you have become feedle and need constant support,mentally as well as physically, is any day better than spending time in old age homes, unless you opt for it for personal reasons.Leave aside a few aberrations, the children in South East countries take care of their old parents and that can be an enough award for the prolonged years of parenting.

क्या महर्षि दयानन्द मुसलमान या ईसलाम विरोद्रि थे ?

भारतेन्दु सूद

भारत की स्वतन्त्रता के बाद एक महान आत्मा जिनके कद को जानबूझ का छोटा कर दिया गया वह हैं महर्षि दयानन्द सरस्वती। कारण हमारे आर्य समाज से जुड़े नेता व अधिकांश स्वामी आदि उनके उदेश्यों व कार्यो को अपने निजी स्वार्थो के लिये ठीक से प्रस्तुत न कर सके। आज हालात यह हैं कि हमारे राज नेता अपने वोट बैंक के कारण स्वामी दयानन्द का नाम लेने से भी कतराते हैं, अपने आप को उन से जोड़ने की बात तो दूर रही। आर्य समाज का प्रयोग वह अपने खुद के सम्मान के लिये करते है। पंजाव में आर्य समाज बहुत प्रभावशाली रहा है, आर्य समाज के सैंकड़ो छोटे बड़े स्कूल, महाविद्याालय व विश्वविद्यालय है जहां लाखेां में विद्यार्थी पढ़ते हैं व करोड़ो ही पढ़ कर निकल गये। यही नहीं स्वामी श्रद्धानन्द, महात्मा हंसराज, लाला लाजपतराय व प लेखराज सभी पंजाव के थे व स्वतन्त्रता संग्राम और शिक्षा के प्रसार में भी जुड़े हुये थे।परन्तु दुख और हैरानगी वाली बात यह है कि छोटे से छोटे बाबे के

नाम पर, जिन में बहुतों के नाम आप ने सुने भी नहीं होंगे, उनके जन्मदिवस या मरणदिवस पर सरकार द्वारा हर समाचार पत्र में पूरे या आधे पेज का विज्ञापन देकर याद किया जाता है परन्तु किसी भी आर्य समाज के महान पुरूष के जन्मदिवस पर नहीं दिया जाता। जिम्मेवार सरकार नहीं हमारे नेता व स्वामी आदि है, जिन्हें अपने सम्मान से मतलव है।

मैने सत्यार्थ प्रकाश पढा है। उसका निचोड़ यह है कि महर्षि ने ईश्वर को वेदों के अनुसार ही माना है। यह भी सत्य है कि विभिन्न धर्म गुरूओं ने वेदों की परिभाषा अपने अनुसार की है परन्तु जिस तरह स्वामी जी ने वेदों को प्रस्तुत किया है वह सब से उपयुक्त व तर्कसंगत प्रतीत होता है। उदाहरण के लिये स्वामी जी ने कहा कि ईश्वर एक है परन्तु उसके गुणों के आधार पर कई नाम है और वह अजन्मा व अनादि है। यह बात सोलह आने ठीक लगती है। पहले कुछ अध्यायों में उन्होने वेदों के अनुसार ईश्वर और ईश्वर स्तुती व उपासना को बताया है साथ ही मनु स्मृति को आधार बना कर परिवार, परिवार में स्त्री का स्थान , बच्चे का पालन पोषण कैसा हो और कैसे उसे संस्कारी बनाया जाये, शादी विवाह कब और किस से किया जाये पर प्रकाश डाला है । इसी के साथ एक पूरा अध्याय राजा का शासन कैसा हो, न्याय व्यवस्था कैसी हो और राजा और प्रजा के एक दूसरे के प्रति कर्तव्यों पर है। बाद के अध्यायों में उन्होने विभिन्न धर्मो व समुदायों में वेद विरूद्ध व तर्कहीन बातों का तर्क द्वारा ही खण्डन किया है। इस में सब से खास बात यह है कि उनका अक्रोश सब से अधिक पुराणों पर अधारित हिन्दु धर्म और इस के अलग अलग समुदायों पर है। आखिर के अध्याओं में उन्होने दूसरे धर्मो की तर्कहीन बौर बेतुकी बातों पर तर्क द्वारा ही आक्रमण किया है, चाहे वह इसलाम है या ईसाई धर्म। ऐसे में यह कहना या मानना कि महर्षि ईसलाम या ईसाई धर्म के विरूद्ध थे बिल्कुल गलत है बल्कि मैं यह कहुंगा ऐसा कहना उनके साथ बहुत बड़ी बेइन्साफी है। ईसलाम से कही अधिक आक्रमण उनका पौराणिक हिन्दु धर्म, जिसे की आज के 90 प्रतिशत हिन्दु मानते है, के विरूध है ऐसे में क्या आप यह कहेगें कि महर्षि हिन्दु धर्म के विरूद्ध थे? सच्चाई है कि वह वेद विरूद्ध और तर्कहीन बातें चाहे कियी भी धर्म या समुदाय में हो उनका विरोद्ध जनहित के लिये निर्भय हो कर किया। उनके जीवन काल की घटनायें यह बताती है कि मुसलमान व ईसाई विद्वानों में उनका आदर सम्मान था, उसके विपरीत हिन्दु मत मतान्तरों के पण्डित उनके सख्त विरोद्धि थे व इनकी जान के दुश्मन थे। 17 बार उनको मारने की कोशिश की गई, परन्तु हर बार यह काम हिन्दु मत मतान्तर के लोगों का था जो कि उनको अपने मतों के नाम पर चलाये जा रहे व्यापार पर एक बहुत बड़ा खतरा समझते थे।

यह भी सत्य है कि हमारे भारतवर्ष मे स्वामी दयानन्द पहले व्यक्ति थे जिन्होने उन हिन्दुओं को जो अपने ही पण्डितो और धर्म के ठेकेदारों के शोशण के कारण मुसलमान या ईसाई बन गये थे बापिस हिन्दु धर्म में आने का रास्ता बनाया वरना उससे पहले तो काई मुसलमान या हिन्दु चाहे कितना भी चाहे हिन्दु धर्म में आ ही नहीं सकता था । आज के बंगला देश के 15 वी सदी के मुसलमान शासक की कहानी हम सभी जानते हैं। हिन्दु कन्या के साथ विवाह सूत्र में बंधने के बाद वह जगह जगह भटका परन्तु कोई भी हिन्दु धर्म नेता उसे हिन्दु धर्म में स्थान देने के लिये तैयार नहीं हुआ। उसका परिणाम यह हुआ कि उसको

मजबूरन अपनी हिन्दु पत्नी को मुसलमान बनाकर उसका मुसलिम रीती रिवाज में निकाह करना पड़ा और जो अपमान उसे हिन्दु धर्म के ठेकेदारो के हाथें मिला उसका बदला लेने के लिये उसने बंगाल के हिन्दंओं को ताकत द्वारा मुसलमान बनाने में लग गया। परन्तु इस से यह अर्थ निकालना कि स्वामी दयानन्द ईसलाम या ईसाई धर्म विरोद्वि थे गलत है। उनका मानना था कि जो हिन्दु अपने ही पण्डितो और धर्म के ठेकेदारों के शोशण के कारण या फिर किसी ताकत या प्रलोभन द्वारा मुसलमान या ईसाई बना दिये गये थे, उन्हे पूरा अधिकार होना चाहिये कि वह अपने धर्म में बापिस आयें और हिन्दु धर्म उनको अपने में बापिस लेने के लिये उदारचित हो ।

